**खबर संक्षेप**

## 22 जनवरी को 21 हजार दीपो से सजेगा सतना का व्यंकटेश लोक

**सतना।** श्रीराम दरबार मंडल अखिल आर्यावर्त के तत्वाधान में सनातन धर्म के आराध्य ,भगवान श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर दिव्य सुंदरकांड के माध्यम से जन जन तक पहुंचाने और समस्त सतना वासियों को अपने आराध्य भगवान श्रीराम के प्रति अपना भक्ति भाव प्रदर्शित करने के लिए सतना के व्यंकटेश लोक में 5000 लोगों की उपस्थिति में भक्तिपूर्ण माहौल में संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड प्रसिद्ध संगीतकार और भजन गायक डॉ विनोद मिश्रा और उनकी भजन मंडली की अगुवाई में किया जायेगा। यह आयोजन अपरान्ह 2.30 में प्रारंभ होगा शाम 5 बजे से हनुमान चालीसा एवं आरती का कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उसी समय 21000 दीपों से समूचे व्यंकटेश लोक परिसर को श्रीअयोध्या की तर्ज पर प्रकाशमान किया जायेगा। भगवान राम वनवास का 11 वर्ष 6 माह समय सतना जिले के चित्रकूट की पावन धरा में रहे। इसलिए भगवान राम के अयोध्या में विराजमान होने की खुशी को ऐतिहासिक बनाना सतनावासियों का लक्ष्य और सौभाग्य बन गया है। इस दिव्य अवसर पर समस्त सतना वासियों से राम दरबार मंडल का विशेष आग्रह है की यदि हो सके तो सनातनी वेशभूषा भगवा लाल या पीला वस्त्र में पधारें। साथ ही यथासंभव 5,5 दीपक भी लाने का प्रयास करें।

## रोटरी का दो दिवसीय यूथ लीडरशिप अवार्ड का हुआ शुभारंभ



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 द्वारा दो दिवसीय रोटरी यूथ लीडरशिप अवाड्र्स 2024 आयोजन स्थानीय विट्स कॉलेज में रोटरी क्लब सतना एवं रोटरेक्ट क्लब सतना के संयुक्त तत्वावधान में मुख्य अतिथि सतना महापौर योगेश ताम्रकार ने ताला खोलकर एंव बैलून उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। व्यक्तिव विकाश पर विट्स के संचालक सुनील सेनानी एंव टाइम मैनेजमेंट पर सिंघई संजय जैन ने अपना उद्बोधन देते हुए बच्चों को कई टिप्स दिए महापौर योगेश ताम्रकार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों के व्यक्तित्व विकास का लिए अनुपम अवसर तो देता ही है साथ ही उनके अंदर नेतृत्व क्षमता एवं सहयोग एवं सह-अस्तित्व के भाव को भी नए आयाम प्रदान करने में सहायक होता है। दो-दिवसीय इस आयोजन में प्रतिभागी विभिन्न परिवेश के नए मित्रों से परिचित भी होते हैं और विविध विषयों पर विषय विशेषज्ञों से अपने कैरियर निर्माण के संदर्भ में मार्गदर्शन भी प्राप्त करते हैं। यही नहीं दोनों दिन गीत संगीत, खेल, रंगारंग कार्यक्रम,कैंप फायर, पतंगबाजी जैसे मनोरंजक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

## गणतंत्र दिवस की परेड के लिए एकेएस के सुमित का चयन

**सतना।** गणतंत्र दिवस की परेड के लिए एकेएस विश्वविद्यालय सतना के डिप्लोमा एग्रीकल्चर के छात्र सुमित दाहिया का चयन हुआ है। गणतंत्र दिवस की परेड 2024 राजपथ दिल्ली के लिए सीनियर अंडर ऑफिसर सुमित दाहिया विश्वविद्यालय के एनसीसी छात्र इकाई की फर्स्ट बैच 2021 के कैडेट है। सुमित दाहिया को गणतंत्र दिवस की परेड चयन प्रक्रिया के लिए 3 एमपी बटालियन रीवा,हेडक्वार्टर सागर एवं मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के निदेशालय भोपाल द्वारा आयोजित कैंप के माध्यम से कठोर परिश्रम से गुजरना पड़ा। सुमित दाहिया का चयन डीजी एनसीसी,न्यू दिल्ली द्वारा मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के प्लाटून में राइट मार्कर (केंद्र) के रूप में हुआ है।सुमित का चयन उनके कठोर परिश्रम,लगन,निष्ठा एवम लेफ्टिनेंट दशरथ पाटीदार के मार्गदर्शन के द्वारा संभव हुआ है।





## मकर संक्रांति पर सतना नदी और टमस नदी के तट में लगा मेला

# खूब बिके लाई के लड्डू,गन्ना और खिलौने

मकर संक्रांति का महापर्व पूरे देश के साथ-साथ विन्ध्य क्षेत्र में भी परंपरागत तरीके से धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। इस मौके पर सतना और मैहर जिले में भी मकर संक्रांति की धूम है। सतना में सतना नदी और मैहर में तमस नदी के तट पर ऐतिहासिक मेला का आयोजन किया गया है।

सतना/मैहर



के दिन



जहां पर बड़ी संख्या में लोग बच्चों को लेकर पहुंचे और लाई के लड्डू के साथ-साथ गन्ना की खरीदारी भी की। इसके अलावा बच्चों ने खूब खिलौने खरीदे और झूले का आनंद भी लिया। आपको बता दे की सतना में सतना नदी और मैहर जिले में नगर की जीवनदायनी टमस नदी के किनारे हर वर्ष मकरसंक्रांति के पावन पर भव्य मेला लगता है। दशकों पूर्व से लग रहा यह मेला नगरीय एवं ग्रामीणजनों में खासा लोकप्रिय है। लोग हजारों की संख्या में यहां आकर टमस नदी में स्नान करते हैं और मेले का लुफ्त उठाते हैं। प्राचीन मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन संसार में प्रकाश फैलाने वाले एवं अंधकार को दूर भगाने वाले भगवान सूर्य देव सभी राशियों पर भ्रमण करते हुए मकर राशि में आ जाते हैं और दक्षिण दिशा से उत्तर की ओर उत्तरायण हों जाते हैं। सूर्यदेव के मकर राशि में प्रवेश हों जाने से 14 जनवरी भारत वर्ष में मकरसंक्रांति का पर्व बड़े धूम-धाम से मनाया जाता है। टमस तट पर भगवान हनुमान का प्राचीन मंदिर भी स्थित है। इसी मंदिर के चारों ओर स्थित मैदान में मेला लगाया जाता है। इस दौरान मंदिर में विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाता है तथा प्रसाद वितरण होता है। मेला आयोजन समिति के विजय पटेल ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति 15 जनवरी को होने की वजह से मेला दोनो दिन यानी 14 एवं 15 जनवरी को लगाया जा रहा है। मेले में आमजन झूले,मनमोहन स्टालों,बच्चों के खिलौनों,चाट-फुल्की सहित कई अन्य स्टालों का आंनद ले सकते है।

## खबर का असर:टूटी पुलिया का निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ




मैहर।

लोक निर्माण विभाग द्वारा मैहर के गोलामठ मंदिर के पीछे की सड़क का निर्माण लगभग 5 करोड़ की लागत से कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य का ठेका शिवशक्ति कंस्ट्रक्शन को दिया गया था। सड़क निर्माण के दौरान नयी पुलिया के निर्माण हेतु पुरानी पुलिया को तोड़ दिया गया था। जिससे लगभग 200 घरों के रहवासियों को आवागमन में बाधा उत्पन हो रही थी। नगरपालिका परिषद मैहर के कचरा प्रसंस्करण केंद्र से भी सम्पर्क टूटा हुआ था। हरिभूमि ने प्रमुखता से जनता की समस्या को सामने लाते हुए पुलिया निर्माण किये जाने हेतु खबर छापी थी। जिसपर संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग तथा सम्बंधित ठेकेदार द्वारा उक्त पुलिया निर्माण का कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। ठेकेदार की माने तो पुलिया के नया निर्माण एक से डेढ़ माह में पूरा कर लिया जाएगा। जिससे जनता को राहत मिल सकेगी।

## वनवासी का मकर संक्रांति उत्सव

सतना।

आज 14 जनवरी को दिन में 11 बजे से वनवासी कल्याण आश्रम के श्री राम वनवासी छात्रावास महादेवा रोड धवारी में मकर संक्रांति उत्सव पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें डा.राकेश मिश्रा पंडित गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की। जिसमें समाज के प्रतिष्ठित व्यवसायी काफी उत्साह के साथ सम्मिलित रहे। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी वीर जनजाति गौरव की एक पुस्तक का विमोचन नगर पालिका निगम के महापौर योगेश ताम्रकार एवं अध्यक्ष राजेश चतुर्वेदी सहित वनवासी विकास परिषद महाकौशल प्रांत के सहसंगठन मंत्री तुलसी तिवारी जबलपुर,संस्था अध्यक्ष घनश्याम सोनी के करकमलों से विमोचन हुआ। इस मकर संक्रांति उत्सव पर नगर के सम्माननीय सहयोगियों के साथ छात्रावास के पदाधिकारियों ने खिचड़ी सहभोज का आनन्द लिया। इस आयोजन में गणमान्य नागरिक



मनोज जैन,दयाल कापड़ी,चेंबर अध्यक्ष मंत्री और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस आयोजन में संस्था के मंत्री सचिन चौधरी,कोषाध्यक्ष कमल जानवानी,वरिष्ठ सदस्य राजेश मेहता,सूरेश बड़ेरिया,संजय गुप्ता,महिला सदस्य श्रीमती चंदा शर्मा,अर्पिता सोनी सहमंत्री अरूण अग्रवाल,व्यवस्थापक अशोक वसानी सहित नगर के विवेक अग्रवाल,सुरेश बड़ेरिया,रामू अग्रवाल,चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा,संदीप जैन, मनोहर डि ग वा नी , म न मो ह न माहेश्वरी,मणिकांत माहेश्वरी वा काफी सख्या में सस्था के सहयोगी शामिल रहे।

## एसटीएफसी जम्मू एण्ड काश्मीर ने स्वाधीनता कप पर किया कब्जा

### फेंटू क्लब के फुटबाल टूर्नामेन्ट का सफलतम समापन

मैहर।

नगर की साहित्यिक,सामाजिक एवं खेलकूद संस्था फ्रेन्ड्स इंटरटेनमेन्ट यूनिट (फेंटू क्लब) के तत्वावधान में यहां चल रहे 24 वें स्वाधीनता कप ऑल इण्डिया फुटबाल टूर्नामेन्ट 2024 में रविवार को खेला गया।फाइनल मैच एम.ई.जी.बैंगलोर एवं एस.टी.एफ.सी. नातीपोरा के मध्य सांसद गणेष सिंह के मुख्य आतिथ्य,श्रीकांत चतुर्वेदी विधायक मैहर की अध्यक्षता एवं यूनिट हेड मैहर सीमेन्ट वर्क्स राहुल सहगल, यूनिट हेड एम.पी.बिरला



पी.के.चौधरी के विषिष्ट अतिथि में खेला गया। आज के मैच में दोनो ही टीमों का प्रदर्षन रोमांचक रहा दोनो टीमें एक दूसरे की रक्षापंक्ति को भेदने का प्रयास करती रहीं परंतु निर्धारित समय तक 0-0 से बराबरी पर रहीं। अतिरिक्त 6-6 मिनट दोनो टीमों ने पूरे दम खम से खेला जिस पर जम्मू एण्ड काश्मीर टीम के जर्सी नं.2 मुजीब मुस्तका ने 1 गोल बनाकर खिताब पर कब्जा जमाया। इस गोल हेतु विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा 2100,रहीस खान द्वारा 1100 नगद पुरूस्कार प्रदान किये गये।

## जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में मनाया गया सशस्त्र सेना वेटरन्स डे

सतना।

जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनींद्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रतिवर्ष 14 जनवरी को भारत के प्रथम कमांडर-इन-चीफ एवं फील्ड मार्शल के.एम. करियप्पा,ओबीई द्वारा पूर्ण समर्पण,कर्तव्यपरायणता एवं निष्ठापूर्ण की गई देश सेवा के सम्मान में सशस्त्र सेना वेटरन्स डे मनाया जाता है। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना में सशस्त्र सेना वेटरन्स डे के अवसर पर सतना तथा मैहर जिलों की वीर नारियों,वीर माताओं तथा गैलेण्ट्री एवार्ड विनर्स जिले के बहादुर सैनिकों एवं दोनों जिलों के वरिष्ठ भूतपूर्व सैनिकों को शॉल,कम्बल तथा श्रीफल के साथ सम्मानित किया गया। जिला सैनिक कल्याण



अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि सशस्त्र सेना वेटरन्स डे मनाये जाने की शुरुआत 14 जनवरी 2017 से की गई है। रविवार 14 जनवरी 2024 को देश भर में 8वाँ सशस्त्र सेना वेटरन्स डे मनाया गया है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा प्रदेश के समस्त जिलों को जारी निर्देशानुसार जिला सैनिक कल्याण कार्यालय सतना में भी सशस्त्र सेना वेटरन्स डे मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल मुनीन्द्र त्रिपाठी (से.नि.) तथा कार्यालय स्टाफ की पूरी टीम के द्वारा किया गया। आयोजन में जिले के वरिष्ठ सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी ब्रिगेडियर देवेन्द्र सिंह,कर्नल एमसी शर्मा,लेफ्टिनेन्ट कर्नल एनके मिश्रा,विंग कमांडर आरसी चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने राज्यपाल को दी विदाई



**पन्ना।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल रविवार को सुबह पुलिस लाइन पन्ना स्थित हेलीपैड से हेलीकॉप्टर द्वारा उत्तर प्रदेश के लखनऊ रवाना हुए। इस मौके पर सांसद विष्णुदत्त शर्मा सहित पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह व अन्य जनप्रतिनिधियों एवं कलेक्टर हरजिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा ने राज्यपाल को विदाई दी। राज्यपाल श्री पटेल विकसित भारत संकल्प यात्रा और अन्य कार्यक्रम में शामिल होने के लिए एक दिवसीय प्रवास पर पन्ना आए थे।

## सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का भ्रमण कार्यक्रम

**पन्ना।** पन्ना जिले में सोमवार, 15 जनवरी को विकसित भारत संकल्प यात्रा 10 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी। पन्ना विकासखण्ड की ग्राम पंचायत भटहरमेघा एवं डडवरिया, अजयगढ़ विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मझगांय एवं पड़रहा, गुनौर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत नचने एवं भटिया, पवई विकासखण्ड की ग्राम पंचायत मुड़वारी एवं मुरकुछु तथा शाहनगर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत पुरैना एवं सुगरहा में यात्रा का आगमन होगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रदर्शनी के माध्यम से दी जानकारी

**पन्ना।** जिले में आज संपन्न हुए 9 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम के मौके पर विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा संचालित हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों को प्रदर्शनी के माध्यम से दी गई। अधिकारी-कर्मचारियों की टीम द्वारा शिविर स्थल पर प्रदर्शनी में विभागीय स्टॉल के जरिए लोगों को योजनाओं के लाभ के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही अधिकाधिक संख्या में विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया गया। इस क्रम में आज ग्राम चौपरा में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल शामिल हुए। यहां स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित कृषि, उद्योग, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, आयुष्मान, लीड बैंक, जिला शहारी विकास अभिकरण, आयुष, उद्यानिकी, पशुपालन, पीएम विश्वकर्मा योजना, जनअभियान परिषद के स्टॉल लगाए गए थे।

# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने श्री बलदेव जी मंदिर में लगाई झाड़ू







**21 जनवरी तक प्रदेशभर के मंदिरों में सफाई अभियान चलाएगी भाजपा 22 जनवरी का दिन भारत ही नहीं दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन होगा भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देश की 140 करोड़ जनता उत्साहित 500 वर्षों के संघर्ष और लाखों लोगों के बलिदान के बाद यह ऐतिहासिक दिन आया**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने मंदिर स्वच्छता अभियान के तहत रविवार को पन्ना के श्री बलदेव जी मंदिर में झाड़ू लगाकर पानी से पूरे मंदिर परिसर में सफाई की। इस दौरान पूर्व मंत्री व विधायक वृजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मीना राजे, सदानंद गौतम, सुशील त्रिपाठी, श्रीमती शशिराजे परमार आशीष तिवारी सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने भी स्वच्छता अभियान में भाग लिया।

पन्ना।

### 22 जनवरी का दिन भारत नहीं दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन होगा

पत्रकारों से चर्चा करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज से प्रदेशभर के मंदिरों की सफाई का अभियान शुरू किया है। हालांकि पन्ना में यह अभियान करीब एक सप्ताह पहले से चल रहा है। पार्टी पदाधिकारीगण और कार्यकर्ता प्रदेश में 21 जनवरी तक मंदिरों की साफ-सफाई करेंगे। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का शुभ अवसर पर प्रदेशभर के मंदिरों में भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ, हवन और भंडारे होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सघ संघचालक श्री मोहन भागवत जी की मौजूदगी में 22 जनवरी को अयोध्या के भव्य राम मंदिर में श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा होने जा रही है। 22 जनवरी का दिन भारत ही नहीं दुनिया के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर देश की 140 करोड़ जनता उत्साहित है।

### लाखों लोगों के बलिदान के बाद यह दिन आया है

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि 500 वर्षों के संघर्षों और लाखों लोगों के बलिदान के बाद आज अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनकर तैयार हुआ है। 22 जनवरी का दिन हम सबके लिए ऐतिहासिक और गौरव का दिन है। इस तरह का गौरवपूर्ण दिन जीवन में शायद ही कभी आए। 22 जनवरी के आयोजन के लिए हम सब तैयारी में जुटे हैं। प्राण-प्रतिष्ठ को लेकर घर-घर में उत्सव का माहौल है।

### रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा से बगावत कांग्रेस का मूल चरित्र

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराना, भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह से बगावत करना कांग्रेस का मूल चरित्र है। कांग्रेस प्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा में जाए या न जाए, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस पार्टी अब बची कहां है। कांग्रेस नेता केवल तुष्टिकरण को लेकर कार्य कर रहे हैं।

# अजयपाल पहुंच मार्ग की सड़क का होगा चौड़ीकरण

## सांसद ने किया भूमिपूजन, वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री भी कार्यक्रम में हुए शामिल







पन्ना।

सांसद खजुराहो लोकसभा क्षेत्र विष्णुदत्त शर्मा आज अजयगढ़ में आयोजित स्थानीय कार्यक्रम में शामिल हुए। सांसद श्री शर्मा ने अजयगढ़ क्षेत्र की आस्था के केन्द्र अजयपाल मंदिर पहुंचकर भगवान अजयपाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और नागरिकों के सुख, समृद्धि और वैभव की कामना की। यहां नगर परिषद अजयगढ़ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 6 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पहुंच मार्ग चौड़ीकरण कार्य का भूमिपूजन कर उपस्थित नागरिकों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दीं।

सांसद ने कहा कि भगवान अजयपाल की प्रतिमा स्थायी रूप से स्थापित करने के लिए आवश्यक प्रयास करेंगे। यह ऐतिहासिक स्थान बेहतर पर्यटन स्थल के रूप में भी विकसित किया जाएगा। जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर यहां के विकास की कार्ययोजना बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि स्थाई रूप से मूर्ति विराजमान करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से संबंधित अवरोधों को दूर कराया जाएगा। मंदिर के साथ परिसर व कुंड के विकास, श्रद्धालुओं के लिए पेयजल सहित अन्य सुविधाएं विकसित करने एवं सौन्दर्यीकरण की बात कही। जरूरी सुविधा व व्यवस्थाओं के लिए सभी से मिलजुलकर कार्य करने की अपेक्षा भी की।

वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार ने कहा कि प्राकृतिक और रमणीय स्थल होने के साथ यह सिद्ध स्थान भी है। यहां आगमन से मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि सांसद एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के सार्थक प्रयास से यह स्थान विकसित होगा और पर्यटन के साथ लोगों को रोजगार के अवसर पर मिलेंगे। पूर्व मंत्री एवं विधायक बृजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि पहुंचमार्ग बनने और सड़क चौड़ीकरण होने से श्रद्धालुओं को सहूलियत होगी। बेहतर आवागमन की सुविधा और नियमित रूप से भगवान अजयपाल के दर्शन से क्षेत्र विकसित होने के साथ आस्था केन्द्र का साकार रूप भी लेगा। पूर्व मंत्री श्री सिंह ने पहली बार किसी सांसद के अजयपाल मंदिर परिसर में आगमन पर हर्ष जताया। साथ ही सांसद द्वारा आम जनता से सतत संपर्क में रहकर विकास कार्य की सौगात देने के लिए सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, उपाध्यक्ष संतोष सिंह यादव, नगर परिषद अध्यक्ष सीता गुप्ता, उपाध्यक्ष राजकुमार खटीक, जिला पंचायत सदस्य दिनेश भुर्जी एवं वृन्दावन पटेल सहित सतानंद गौतम, बब्लू कुशवाहा एवं सीएमओ राजेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे।

## स्वच्छता अभियान से नागरिकों को जोड़ने के लिये 22 जनवरी तक चल रहा है विशेष अभियान

**पन्ना।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों की उपस्थिति को देखते हुए नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय ने नगरीय निकायों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं। यह अभियान 22 जनवरी तक सघन रूप से जारी रहेगा। अभियान की शुरूआत 12 जनवरी से की जा चुकी है। निर्देशों में कहा गया है कि नगरीय निकायों में सभी सार्वजनिक और आवासीय क्षेत्रों में नागरिकों की भागीदारी से सघन सफाई अभियान चलाया जाये। इस दौरान निकायों में सफाई व्यवस्था पर विशेष निगरानी रखी जाये। अभियान के दौरान विशेष रूप से मंदिरों के आसपास स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और युवाओं की भागीदारी अधिक से अधिक सुनिश्चित की जाये। नगरीय प्रशासन एवं विकास ने जारी निर्देशों में कहा है कि नगरीय क्षेत्रों के सभी मंदिरों और पवित्र नदियों व जलाशयों पर प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाये। इस मौके पर दीपदान के लिये निकायों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के साथ व्यवसायिक गतिविधियों को व्यवस्थित रखे जाने के निर्देश दिये हैं। स्वच्छता अभियान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिये स्थानीय स्तर पर रंगोली प्रतियोगिता, श्रेष्ठ कार्य करने वाले युवाओं को पुरस्कृत करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। निकायों से कहा गया है कि जन संगठनों के माध्यम से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य नाटिका और भजन संध्या का आयोजन किया जाये। निकाय में स्थित उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठानों में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के प्रसंगों पर परिचर्चा कराई जाये। निकाय में उपलब्ध सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाये, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी तरह की असुविधा न हो। ऐसे मौकों पर निकाय शहरी क्षेत्र में सौन्दर्यता पर विशेष ध्यान रखें। निकाय स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में सांसद, विधायक, नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधि, स्वसहायता समूह के सदस्य, वरिष्ठ नागरिक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को आमंत्रित किया जाये।



# लोकसभा चुनाव को लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने ब्लाक अध्यक्षों की ली बैठक

पन्ना।

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी द्वारा भी गतिविधियां तेज कर दी है, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा ने अपने निवास पर पन्ना जिले की सभी ब्लाक कांग्रेस अध्यक्षो की बैठक लेते हुए नववर्ष की शुभकामनाए देने के बाद कहा कि लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, सभी लोग पार्टी के कार्य मे जुट जाये किसी प्रकार हताश एवं निराश होने की जरूरत नही है, हार के बाद जीत होती है, उन्होने आंगे बताया कि 18 जनवरी से 24 जनवरी तक पूरे जिले मे लोकसभा प्रभारी संजय यादव, पूर्व विधायक की उपस्थिती मे सभी ब्लॉको मे बैठके आयोजित होंगी तथा पार्टी के कार्यक्रम तय किये जायेगें एवं लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति तैयार होगी। उन्होने इस दौरान पार्टी फंड मे आन लाईन राशि जमा करने के संबंध मे भी पार्टी द्वारा दिये गये निर्देशो की जानकारी दी। बैठक के दौरान ही अनेक ब्लाक अध्यक्षो तथा कार्यकर्ताओ ने पार्टी फंड मे राशि ट्रान्सपर कर दी गई। अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि हमें इसके लिए सभी का सहयोग लेना है तथा पार्टी फंड के लिए कार्यकर्ताओं के साथ साथ जिले की जनता से भी घर घर जा कर सहयोग मांगना हैं। बैठक मे मुख्य रूप से अनेक लोग उपस्थित रहें। जिसमे जिला मीडिया प्रभारी राकेश शर्मा, ब्लाक अध्यक्ष देवेन्द्रनगर आनन्द शुक्ला, ब्लाक अध्यक्ष पवई माखन पटेल, ब्लाक अध्यक्ष पन्ना अक्षय तिवारी, ब्लाक अध्यक्ष अजयगढ दादूराम मिश्रा, ब्लाक अध्यक्ष अमानगंज भभूत सिंह राजपूत, ब्लाक अध्यक्ष गुनौर बबलू गौतम, ब्लाक अध्यक्ष धरमपुर महेन्द्र लोधी, सरदार यादव महामंत्री शलभ मिश्रा, श्रवण तिवारी, सहित मंडलम्‍ तथा सेक्टर के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# वन भूमि का सीमितकरण व सकरिया हवाई अड्डे को प्रारंभ करवाने के लिए राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

**पन्ना डेवलपमेंट फोरम के पदाधिकारियों ने की मांग**

पन्ना।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल के 13 जनवरी को पन्ना के आदिवासी बाहुल्य ग्राम सकरिया पहुंचने पर पन्ना डेवलपमेंट फोरम के पदाधिकारियो ने उनसे मुलाकात कर उन्हें वन भूमि का सीमितकरण एवं सकरिया हवाई अड्डे को प्रारंभ करवाई जाने की मांग की गई। सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि पन्ना जिला डेवलपमेंट फोरम द्वारा यह संज्ञान में लिया गया कि जिले में वन भूमि सहित नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 80 प्रतिशत से अधिक हो गया है जबकि संविधान में किसी भी जिले में वन भूमि का क्षेत्रफल 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए पन्ना जिले में कृषि भूमि एवं औद्योगिक विकास की आवश्यकता है जिससे आम जनता की प्रति व्यक्ति आय बढ़ सके वैसे भी पन्ना अत्यंत पिछड़ा जिला है पत्थर खदानें हीरा खदानें व अन्य खदानें बंद होने से यहां के हजारों परिवार बेरोजगार हुए आम जनता को रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु पन्ना जिले में भी उद्योग व अन्य लघु उद्योग इकाइयां स्थापित होना चाहिए। दिए गए ज्ञापन में बतलाया गया है कि पन्ना का एकमात्र उद्योग एनएमडीसी हीरा खनन परियोजना भी वन भूमि व नेशनल पार्क के कारण प्रभावित हुआ था। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि संविधान के अनुसार 40 प्रतिशत भूमि वन विभाग को एवं शेष भूमि राजस्व विभाग घोषित किए जाने के



लिए कार्यवाही की जाए वही डेवलपमेंट फोरम के द्वारा दिए गए ज्ञापन में पन्ना जिले के सकरिया हवाई अड्डे को प्रारंभ करवाई जाने की मांग करते हुए कहा गया है कि पन्ना शहर से 11 किलोमीटर दूर सकरिया हवाई अड्डा बहु प्रतीक्षित से आयाम को जोड़ने हेतु आतुर है और सकरिया हवाई अड्डा क्षेत्रफल की दृष्टि से खजुराहो हवाई अड्डा से बड़ा है जिसका द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उपयोग किया गया था सकरिया स्थित हवाई अड्डे को पुनः विकसित किया जाकर नियमित उड़ान हेतु भारत सरकार से अनुमति दिलाई जाए ताकि विकसित भारत का सपना साकार हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में पन्ना डेवलपमेंट फोरम के अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद तिवारी, सचिव साजिद खान, उपाध्यक्ष जगदीश जड़यिा, अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह परमार, सलीम खान शामिल थे।

**खबर संक्षेप**

## गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर दी जान

छतरपुर। शहर की दुर्गा कॉलोनी में रहने वाली एक गर्भवती महिला ने बीती रात अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया गया है कि करीब एक वर्ष पूर्व ग्राम चौका निवासी चाली राजा परमार के साथ 28 वर्षीय सुनीता कुशवाहा ने प्रेम विवाह किया था। वर्तमान में सुनीता और चाली राजा दुर्गा कॉलोनी निवासी लवकेश पटेल के मकान में किराए से रहते हैं। चाली राजा पेशे से वाहन चालक है तथा बीते रोज वाहन लेकर बाहर गया था। रविवार की सुबह चाली राजा काफी देर तक सुनीता को फोन लगाता रहा लेकिन जब उसने फोन नहीं उठाया तो चाली राजा ने मकान मालिक को फोन लगाया। जब मकान मालिक ने कमरे में जाकर देखा तो सुनीता का शव फंदे पर लटका हुआ था। लवकेश ने तुरंत घटना की जानकारी चाली राजा और कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतरवाया तथा मर्ग कायम कर जांच शुरू की। रविवार को ही मृतिका के भाई बबलू कुशवाहा की उपस्थिति में शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया।

## श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को

छतरपुर, दिनांक 13 जनवरी 2024 22 जनवरी 2024 को श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यकम आयोजित हो रहा है। जिसके पूर्व संस्कृति विभाग द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर संदीप जी.आर. ने शनिवार को कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों कार्यक्रमों की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में विशेष निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, एडीएम नमः शिवाय अरजरिया, डिप्टी कलेक्टर जी.एस. पटेल, एसडीएम बलवीर रमन, तहसीलदार रंजना यादव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे एवं एसडीएम, निकायों के सीएमओ, जनपद सीईओ वर्चुअली जुड़े रहे।

# पर्यावरण को क्षति, कॉक्स डिस्टलरी के जहरीले पानी से प्रभावित हो रहे एमपी, यूपी के 10 गांव

### शराब फैक्ट्री के जहरीले पानी से फसलें हो रहीं प्रभावित, और मर रहे आवारा मवेशी

शहर में संचालित जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स इंडिया डिस्टलरी शराब फैक्ट्री संचालक के द्वारा प्रशासन से मिली अनुमति के विपरीत शराब फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है।





नौगांव।

फैक्ट्री संचालक के द्वारा पर्यावरण नियमों का पालन न कर एवं प्रदूषण बोर्ड को हवा में उड़ाकर नाम के लिए एमईई (मल्टी इफेक्टिव एवऑपरेटर) संयंत्र लगाकर जहरीले बदबूदार अपशिष्ट पानी को खुले नाले में और सीलप नदी सहित आस पास की भूमि में यूँ ही खुला छोड़ा जा रहा है। तो वहीं फैक्ट्री के अंदर से जमीन के नीचे अंडरग्राउंड पाइप लाइन के माध्यम से आधा किमी दूर स्थित नर्सरी के लिए आरक्षित भूमि पर अपशिष्ट विषैले पानी को दो बड़े बड़े पक्के गड्ढों में स्टोर कर रात के अंधेरे में सीलप नदी में एवं आसपास को भूमि पर छोड़ा जा रहा है। यह विषैला पानी पीने से आवारा मवेशी मर रहे हैं, साथ ही खुले नाले में छोड़ने से बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो रहा है, जिस कारण से रात के समय में सांस लेना मुश्किल हो रहा है। लेकिन संम्बधित विभाग एवं प्रशासन के द्वारा अभी तक इस सम्बन्ध में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, प्रशासन के द्वारा आमजन के हित में संचालक के विरुद्ध कोई कार्यवाई ना करने से प्रशासन के ऊपर से आमजन का विश्वास कम होता जा रहा है।

डिस्टलरी संचालक द्वारा नियमों को ताक पर रखकर पर्यावरण को क्षति पहुंचाई जा रही है। शराब निर्माण के दौरान फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले-बदबूदार अपशिष्ट पानी को खुले नाले के माध्यम से सीलप नदी एवं आसपास की भूमि पर छोड़ा जा रहा है। तो वहीं इस विषैले पानी को पाइप लाइन के माध्यम से नर्सरी के लिए आरक्षित भूमि पर दो बड़े बड़े गड्ढों पर स्टोर कर रात के अंधेरे में सीलप नदी में छोड़ा जा रहा है। विषैले पानी के कारण नदी का पानी दूषित व जहरीला हो रहा है। वहीं कृषि भूमि बंजर हो रही हैं। सीलप और धसान नदी में जा रहे विषैले पानी को पीने से मवेशियों की मौत हो रही हैं। आसपास के खेतों में इस पानी से सिंचाई करने पर फसलों में भी प्रभाव पड़ रहा है। खुले नाले में पानी छोड़े जाने से होने बाली बदबू से आसपास के लोगों का जीना मुहाल हो रहा है। डिस्टलरी से निकले गंदे पानी की बदबू पूरे शहर की हवा में घुल गई है। खासतौर पर डिस्लरी की बदबू सुबह और रात के समय लोगों को परेशान कर रही है। बदबूदार हवा में घुलने से सुबह से मॉर्निंग वॉक करने वाले खिलाडियों, महिलाओं, वृद्धों को परेशानी उठानी पड़ रही है। वॉक के समय लोगों का एक हाथ और रूमाल ज्यादातर समय नाक पर रहता है। बीते वर्ष नपा उपाध्यक्ष अजय दौलत तिवारी ने तत्कालीन एसडीएम विनय द्विवेदी से शिकायत की थी। इसके बाद एसडीएम ने संबंधित विभागों को नोटिस जारी किए थे। समय बीता तो नोटिस भी फाइलों में कैद हो गए। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन के द्वारा अब तक डिस्टलरी संचालक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। नपा उपाध्यक्ष ने जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स इंडिया शराब फैक्ट्री के विपिन चंद्र अग्रवाल और जगदीश चंद्र अग्रवाल द्वारा पर्यावरण को ताक पर शराब निर्माण करने की शिकायत की थी। उन्होंने बताया था कि यह जहरीला पानी नाले के माध्यम से नदी और खेतों में तथा खेतों में स्थित कुओं में पहुंच रहा है। जिससे बीमार होने और सिंचाई करने पर फसलें प्रभावित हो रही हैं।

### किसानों ने कहा- फसलें हो रहीं जहरीली

डिस्टलरी के पीछे से बहने वाली सीलप नदी का उदगम जगत सागर तालाब क्षेत्र से होता है। सीलप नदी डिस्टलरी के पास स्थित शिकारपुरा गांव, चंद्रपुरा, उत्तर प्रदेश के धौर्रा, उत्तर प्रदेश के घिसल्ली, उत्तर प्रदेश के रावतपुरा, उत्तर प्रदेश के गंज सहित अन्य 10 गांव होते हुए गरौंली गांव से बहने वाली धंसान नदी में जाकर मिलती है। फैक्ट्री से लगी हुई शिकारपुरा ग्राम के किसान महेंद्र सिंह यादव का कहना है कि हमारे खेत में स्थित कुएं का पानी खराब होकर काला हो गया, कुएं के पानी को मवेशी भी नहीं पीते, मजबूरी में इस पानी से खेती कर रहे हैं। इन्हीं के बगल में खेती करने वाले गुमता अहिरवार के खेत की फसल ही खराब हो गई। जहरीले पानी से गुमता के खेत में लगी राई और सरसों की फसलों में यह जहरीला पानी जाने से एक तरफ को फसल जलकर खराब हो गई है। घिसल्ली के राजेश द्विवेदी ने बताया कि यह जहरीला पानी जमीन स्त्रोत से हमारे कुएं में जाता है, जमीन पर फैलता है। कुएं का पानी सिंचाई करने से फसल पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। धौर्रा के गोपाल राजपूत और राजकुमार राजपूत का कहना है कि फसलें तो प्रभावित हो रही हैं, साथ ही इसे पीकर मवेशी भी बीमार हो रहे हैं, उनकी असमय मौत हो रही है।

### बीते दिनों प्रदूषण बोर्ड की टीम ने निरीक्षण कर लिए थे जल और हवा के सैंपल

बीते सोमवार की सुबह हुए हादसे में 2 मजदूरों की मौत के बाद प्रशासन सख्त हो गया। एसडीएम विशा माधवानी के पत्र पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने डिस्टलरी पहुंचकर जांच की। प्रदूषण विभाग की टीम ने जांच के दौरान फैक्ट्री के अंदर ,बाहर सहित सीलप नदी के जल नमूने लिए तो वहीं फैक्ट्री के अंदर एवं आसपास के क्षेत्र से एयर क्वालिटी मापी यंत्र से हवा की क्वालिटी की मॉनिटरिंग भी की गई। सागर से आई प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम में मुख्य रसायन अधिकारी डॉक्टर आर के जैन, जूनियर साइंटिस्ट सुनीता जौहरे, रसायन अधिकारी बलदेव सिंह की टीम ने जैगपिन ब्रेवरीज लिमिटेड कॉक्स डिस्टलरी में पहुंचकर फैक्ट्री का निरीक्षण किया। फैक्ट्री से निकलने वाले गंदे पानी के स्त्रोत को चेक किया की कंपनी में गंदे पानी को फिल्टर करने के लिए लगाए गए मल्टी इफेक्टिव एवऑपरेटर का निरीक्षण किया।

### धसान नदी में भी जा रहा विषैला पानी

डिस्लरी से निकला विषैला पानी सीलप नदी में छोड़ा जा रहा है। इसी सीलप नदी का विषैला पानी बहकर धसान नदी में जाकर मिल जाता है। इसी धसान नदी का पानी नौगांव शहर में नलों के माध्यम से घरों में नगर पालिका के द्वारा सप्लाई किया जाता है।

### दूषित पानी से किडनी, कैंसर रोग का खतरा

सिविल अस्पताल नौगांव के सीबीएमओ डॉक्टर रविंद्र पटेल का कहना है कि डिस्टलरी से निकलकर जहरीला पानी नदी और जमीनी स्त्रोत से कुओं में पहुंच रहा है। यह पानी पीने से लीवर और किडनी की बीमारी का खतरा है। इस जहरीले पानी की सिंचाई से पैदा अनाज खाने से पेट की बीमारी, कैंसर हो सकता है। तो वहीं गर्भवती महिलाओं को सबसे ज्यादा समस्या हो सकती है।

### इनका कहना है

प्रदूषण बोर्ड नियंत्रण नियम के तहत शराब फैक्ट्री के अपशिष्ट पानी को साफ करने के लिए फैक्ट्री कैम्पस के अंदर ही एमईई (मल्टी इफेक्टिव एवऑपरेटर) संयंत्र लगाया गया है, इस संयत्र से पानी को साफ करके ही फैक्ट्री के बाहर निकाला जाता है, यदि ऐसा नहीं हो रहा है तो गलत है, हम दिखवाते हैं

**डॉक्टर आर के जैन**
**मुख्य रसायन अधिकारी,**
**मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर**

बीते दिनों पत्र लिखकर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड टीम द्वारा जांच करवाकर सैंपल लिए गए है, जांच रिपोर्ट आने पर कार्रवाई की जाएगी, साथ ही नर्सरी के लिए आरक्षित भूमि पर अपशिष्ट पानी के स्टोर करने के मामले को प्रशासन की टीम भेजकर दिखवाते हैं और आवश्यकता पड़ी तो प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जांच कराने के लिए फिर से पत्र लिखेंगे।जांच कर वैधानिक कार्रवाई करेंगे।

**विशा माधवानी**
**एसडीएम, नौगांव**

# प्रेम और हास्य की फुहारें छोड़ता रहा नाटक लव बग

## मुंबई के कलाकारों ने दी रंगमंच पर मनोरम प्रस्तुति





### कलेक्टर, एसपी और अभिनेता इश्तियाक खान ने किया शुभारंभ

छतरपुर।

शंखनाद नाट्य मंच एवं जिला पर्यटन, पुरातत्व व संस्कृति परिषद के द्वारा आयोजित किए जा रहे दूसरे छतरपुर थिएटर फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ शनिवार की शाम किशोर सागर स्थित ऑडिटोरियम में किया गया। इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव के पहले दिन मुंबई के कलाकारों ने फैज मुहम्मद खान द्वारा निर्देशित नाटक लव बग की प्रस्तुति दी। कलाकारों ने प्रेम और हास्य रस के ताने-बाने में बुने गए कथानक को अपने अभिनय के माध्यम से जीवंत कर दिया। छतरपुर कलेक्टर संदीप जीआर, पुलिस अधीक्षक अमित सांघी और जाने-माने अभिनेता इश्तियाक खान ने दीप प्रज्ज्वलित कर इस नाट्य महोत्सव का शुभारंभ किया। दर्शकों से खचाखच भरे ऑडिटोरियम में लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस नाटक ने सभी का दिल जीता। कार्यक्रम का संचालन शिवेन्द्र शुक्ला ने किया। आयोजन में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ये थी नाटक की कहानी

नाटक लव बग का कथानक एक प्रेम त्रिकोण के इर्द-गिर्द घूमता है जो प्यार में पडऩे की सामान्य भावनाओं- कल्पना, परमानंद, अस्वीकृति और निराशा से बुना गया है। नाटक में एक नाटक मंडली है जिसने नाटक करना बंद किया था पर पैसे मिले तो फिरसे शुरूकिया और उस मंडली के लोगों में आपस में कैसे समबंध है ,ये नाटक शुरू होने से पहले पता चल जाता है , निजी सम्बंधों को साथ रखते हुए नाटक लवबग शुरू होता है। मुख्य नायक चंदन एक पेशेवर चोर है, जिसका लक्ष्य जीवन में एक महान चोर बनना है, लेकिन उसके मामा सोचता है कि चन्दन एक मूर्ख है और उसे नहीं लगता कि वह सफल हो सकता है। इससे चन्दन पूरी तरह से हिल जाता है, और चन्दन सलाह के लिए अपने दोस्तों अंतू, बंटू और शंटू के पास जाता है। वे उससे अपने जीवन में एक प्रेरणा खोजने के लिए कहते हैं - एक प्रेरणा जो आगे बढ़ाएगी उसके लिए जीवन में ऊंचाइयों तक पहुंचना कठिन है - एक सफल आदमी बनने के लिए, या एक महान चोर बनने के लिए, और वो इस निष्कर्ष पर पहुंचते हैं कि 'अपने जीवन में एक लड़की के साथ प्यार में पडऩा भाग्य लाएगा और चन्दन की नाव को ऊंचाइयों तक ले जाएगा। चंदन के जीवन में जिस प्रेरणा की कमी है, उसे जानने के लिए चन्दन के दोस्त उसे लवबग ट्रेनिंग सेंटर भी भेजते हैं।

प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक, मास्टर, अपनी प्रेम कहानी को सुखद अंत में समाप्त करने में असमर्थ थे और अब वह प्यार में पडऩे की अपनी कड़वी यादों के साथ युवा मस्तिष्क को ढालने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि जग्गू, नाटक का खलनायक, साहिब से तब से प्यार करता है जब वह छोटा बच्चा था और सोचता है कि प्यार को केवल दिल से महसूस किया जा सकता है और लवबग ट्रेनिंग सेंटर की अवधारणा को पूरी तरह से खारिज कर देता है और आखिरी सांस तक साहिब का दिल जीतने की कसम खाता है। साहिब, एक आधुनिक स्वतंत्र महिला, अपने जीवन के प्यार को स्वयं खोजना चाहती है और अपने पिता अब्बा से उसे ऐसा करने देने के लिए कहती है। हालाँकि, रंगीन मिजाज अब्बा चाहते हैं कि उनकी बेटी ऐसे आदमी के साथ घर बसाए जिसका सफल व्यवसाय हो, भले ही वह आदमी पानवाला ही क्यों न हो। उसका जीवन के प्रति एक अलग दृष्टिकोण है और वह चाहता है कि उसकी बेटी सच्चा प्यार पाने के इंतजार में इसे बर्बाद करने के बजाय अपना भविष्य संवारे। नाटक लवबग 'प्यारा कीड़ा इन सभी असहमतियों, झगड़ों और सवालों को संगीतमय तरीके से हल करता है।

### फैज मुहम्मद खान ने रचा नाटक लव बग

छतरपुर थिएटर फेस्टिवल की पहली शाम मुंबई के कलाकारों द्वारा खेले गए नाटक का निर्देशन और इसका लेखन राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय दिल्ली से प्रशिक्षित निर्देशक फैज मुहम्मद खान ने किया। भारतीय शास्त्रीय गायन संगीत और तबला में प्रशिक्षित, फ़ैज़ 20 वर्षों से अधिक समय से एक थिएटर व्यवसायी और संगीतकार के रूप में काम कर रहे हैं, वो ख़ुद बहुत भाग्यशाली मानते हैं कि उन्होंने थिएटर के दिग्गजों, रॉबिन दास, देवेन्द्रराज अंकुर, कीर्ति जैन, अनुराधा कपूर, त्रिपुरारी शर्मा, संजय उपाध्याय, अभिलाष पिल्लई से थिएटर की कला और सौंदर्यशास्त्र और व्यावहारिक अभ्यास सीखा। फैज़ 2013 में मुंबई चले गए और इंडियाज़ बेस्ट ड्रामेबाज़, सबसे बड़ा कलाकार जैसे टीवी रियलिटी शो में एक्ट ट्रेनर और लेखक के रूप में काम किया, अनुराग बसु की जग्गा जासूस में लेखक और सहायक निर्देशक के रूप में काम किया। फ़ैज़ ने एक लघु फिल्म क़ादिर बनाई है जो उनके द्वारा लिखित और निर्देशित है, उन्होंने बकरापुर, केदारनाथ, जॉली एलएलबी 2, गंगूबाई जैसी कुछ फिल्मों में एक अभिनेता के रूप में काम किया है, कुछ वेब शो, माइनस वन, अरण्यक, सिटी ऑफ़ ड्रीम्स 2 ,शैडो ऑफ ओथेलो, सरकार की सेवा में और कच्चे लिम्बू में काम किया है।



## पत्रकारों ने पुलिस टीम को ऑल आउट कर

# पुलिस और पत्रकारों के पहले मैत्री मैच में पत्रकारों की हुई जीत

छतरपुर।

पुलिस लाइन के मैदान में डीआईजी छतरपुर ललित शाक्यवार की कप्तानी में पुलिस टीम खेलने उतरी तो वही पत्रकारों की टीम की कप्तानी भूपेंद्र सिंह तोमर कर रहे थे। पुलिस इलेवन के कप्तान DIG ललित शाक्यवार ने टॉस जीतकर बोलिंग करने का निर्णय लिया और प्रेस क्लब छतरपुर को बेटिंग के लिए आमंत्रित किया। पत्रकारों की टीम छतरपुर प्लस क्लब की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहले ही बोल पर कप्तान भूपेंद्र सिंह तोमर का विकेट चला गया, इसके बाद उतरे जीतेन्द्र शुक्ला ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए और रन गति को आगे बढ़ाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम की धारदार गेन्दबाज़ी के आगे अगले तीन बल्लेबाज भी कुछ खास नहीं कर सके और मात्र 15 रन पर चार विकेट गिर चुके थे, पुलिस 11 की टीम ने प्रेस क्लब छतरपुर पर पूरा दबाव बना लिया था और उसके बाद टीम के उप कप्तान अभिषेक सिंह सेंगर अंशु ने समझदारी से खेलते हुए धीरे-धीरे रन गती को आगे बढ़ना शुरू किया उनके साथ दे रहे शिवम दीक्षित ने भी अच्छा खेल दिखाया और धीरे-धीरे दोनों की साझेदारी 40 रन तक पहुंच गई, इसके बाद प्रेस क्लब छतरपुर को सेवेन दीक्षित के रूप में एक और झटका लगा लेकिन उसके बाद उतरे रणजीत सिंह परमार ने शानदार बल्लेबाजी की और शानदार दो छक्के लगातार लगाकर टीम का मनोबल बढ़ा दिया, रामेश्वर निरंजन ने पारी को संभाला और धीरे-धीरे रन बनाना शुरू किया, इस प्रकार कुछ स्कूल 16 ओवर में पत्रकारों की टीम प्रेस क्लब छतरपुर की टीम ने 92 रन बनाकर पुलिस-11 टीम को 93 रन का लक्ष्य दिया।

पुलिस 11 के प्लेयर्स ने आते ही साथ अपने राज्य साफ कर दिए और ओपनिंग उतरे डीआईजी ललित शाक्यवार और थाना प्रभारी खजुराहो पंकज शर्मा ने जोरदार बल्लेबाजी शुरू कर दी और मात्र तीन ओवर में ही स्कोर 20 के पार पहुंचा दिया, लेकिन पंकज शर्मा के आउट होते ही पत्रकारों में मैं जीतने का भाव साफ-साफ दिखने लगा और फिर उसके बाद उतारे नामी बल्लेबाज अतुल दीक्षित पारी को संभालते दिखे, अतुल दीक्षित ने शानदार शॉट लगाये तेजी से रन बढ़ाना शुरू कर दिए उधर कप्तान डीआईजी ललित शाक्यवार भी मोर्चा संभाले हुए थे और धीरे-धीरे परी को आगे बढ़ा रहे थे उन्होंने शानदार बैटिंग की टीम के स्कोर को मजबूत स्थिति तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई लेकिन पुलिस टीम के कप्तान आउट होने के बाद एक-एक विकेट गिरने लगे और टीम बिखरती सी दिखाई दी। बीच में छतरपुर कलेक्टर संदीप ग्रे और पुलिस अधीक्षक अमित संगी भी मैदान पर उतरे लेकिन उन्होंने मैत्रीपूर्ण तरीके से खेलते हुए कुछ गेंदे खेली और उसके बाद मैच को आगे यथावत स्थिति में आगे बढ़ा दिया जिसे मुख्य स्कोर में नहीं जोड़ा गया।

उसके बाद मैच आगे बढ़ा लेकिन तब तक प्रेस क्लब छतरपुर के गेंदबाज अपना दबाव बना चुके थे और रणधीर सिंह परमार, रामेश्वर पटेल,विकास शुक्ला, सतेंद्र सिंह परमार और जीतेन्द्र शुक्ला ने जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए पूरी टीम को चार रन पहले ही रोक दिया और पुलिस टीम के सभी 10 विकेट झटक लिए इसके साथ ही पत्रकारों की टीम प्रेस क्लब छतरपुर ने यह मैच चार रनों से जीत लिया।

मैच शानदार रहा और पहले बैटिंग करते हुए पत्रकारों की टीम प्रेस क्लब छतरपुर ने 16 ओवर में 93 रन का लक्ष्य रखते हुए पुलिस टीम को बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया! शुरुआती बैटिंग मैं मजबूती दिखाते हुए पुलिस टीम ने काफी कम ओवरों में अच्छे रन बनाए थे लेकिन बाद में पत्रकारों की टीम छतरपुर प्रेस क्लब के धारदार गेंदबाजी के आगे पूरी पुलिस टीम धराशाई हो गई और 89 रनो पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई।

इस पूरे मैच में छतरपुर पुलिस के डीआईजी ललित शाक्यवार, एसपी अमित सांघी और छतरपुर के कलेक्टर संदीप जी आर ने शानदार बैटिंग दिखाते हुए दर्शकों का मन मोह लिया।

पत्रकारों की टीम छतरपुर प्रेस क्लब ने जबर्दस्त गेंदबाजी और फील्डिंग दिखाते हुए मैच को जीत लिया और आईबीसी 24 के रिपोर्टर और टीम के उप कप्तान अभिषेक सिंह सेंगर अंशु को शानदार बैटिंग और अच्छी गेंदबाजी के चलते मैन ऑफ द मैच का अवार्ड दिया गया, अंशु सिंह ने 23 रन बनाये और 3 महत्वपूर्ण विकेट भी लिए जिनमे पुलिस टीम के कप्तान डीआईजी ललित शाक्यवार और छतरपुर कलेक्टर संदीप जी आर का भी विकेट शामिल है।

पुलिस इलेवन टीम में कप्तान डीआईजी छतरपुर ललित शाक्यवार, कलेक्टर संदीप जी आर, SP अमित सांघी,CSP अमन मिश्रा,गोयरा थाना प्रभारी दीपक यादव, सिविल लाइन थाना प्रभारी कमलेश साहू, खजुराहो थाना प्रभारी पंकज शर्मा, सूबेदार नृपेन्द्र सिंह, रुपेश कबीर, आशीष खरे, सन्देश नायक, बलबीर, संजय पटेल शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### रोजगार मेले में 138 युवाओं का हुआ चयन



**रीवा।** आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देशन में जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा गतदिवस एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की 5 कंपनियों प्रगतिशील बायोटेक रीवा, भारतीय जीवन बीमा निगम, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, वर्क टूगेदर रीवा एवं आईसेक्ट (एलएण्डटी इंदौर) रीवा द्वारा युवाओं का चयन किया गया। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में 206 आवेदकों द्वारा पंजीयन कराया गया, जिसमें से 138 आवेदको को विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित कर आफर लेटर/एलओआई प्रदान किया गया।

### फसलों को बचाने कृषि दी किसानों को सलाह

**रीवा।** जिले में पिछले पांच दिनों से शीत लहर का प्रकोप है। तापमान में गिरावट तथा आसमान पर कोहरा छाने से मौसम में लगातार परिवर्तन हो रहा है। रात का तापमान सामान्य से कम दर्ज किया जा रहा है। तापमान में गिरावट से फसलों में शीतलहर के प्रकोप की भी आशंका है। इसे ध्यान में रखते हुए उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को फसलों को पाले के प्रकोप से बचाने के लिए सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि तापमान में गिरावट का सर्वाधिक असर दलहनी, तिलहनी तथा सब्जी की फसलों में होता है। इन्हें पाले के प्रकोप से बचाने के लिये किसान भाई खेतों में हल्की सिंचाई करें। साथ ही रात्रि में 12 से 2 बजे के बीच मेड़ों पर कचरे को जलाकर धुआं करें। पाले से बचाव के लिये फसलों पर सल्फर का 0.1 प्रतिशत घोल बनाकर छिड़काव करें। इससे फसलों पर पाला का प्रभाव कम हो जाता है। उप संचालक कृषि ने पौधशाला के पौधों एवं क्षेत्र वाले उद्यानों व नगदी सब्जी वाली फसलों को टाट अथवा पालीथिन अथवा भूसे से ढ़कने का सुझाव भी दिया है।

### हुजूर तहसील में 15 और 16 जनवरी को लगेंगे राजस्व शिविर

**रीवा।** राजस्व महाअभियान के तहत जिले भर में 15 जनवरी से 29 फरवरी तक शिविर लगाये जा रहे हैं। इसक्रम में हुजूर तहसील के विभिन्न गांव में शिविर लगाये जायेंगे। इस संबंध में तहसीलदार हुजूर शिवशंकर शुक्ला ने बताया कि 15 जनवरी को ग्राम पंचायत भवन लौआ लक्ष्मणपुर, सगरा, नयागांव, पथरहा, इटौरा, टिकुरी, सोनौरा में शिविर लगाये जायेंगे। इसी तरह 16 जनवरी को ग्राम कपुरी, पुरैनी, अजगरहा, अल्लानगरी, बोदा, अनंतपुर तथा करहिया नं. एक में शिविर लगाये जायेंगे। इन शिविरों में पटवारी, ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक तैनात रहेंगे।

### मऊगंज विधायक का औचक निरीक्षण

**मऊगंज।** जिले के शाहपुर थाने का विधायक प्रदीप पटेल ने किया औचक निरीक्षण किया, थाना क्षेत्र के जिन व्यक्तियों को थाना से संबंधित समस्याएं थी, और थाना से समस्या का निवारण नहीं हो पा रहा था उसकी सुनवाई के लिए क्षेत्र के सभी व्यक्तियों को बुलाकर उनकी समस्या सुनी गई। और त्वरित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया इस दौरान मऊगंज एडिशनल एसपी भी मौजूद रहे।

### कलश यात्रा पतुलखी बाजार मे निकाली गई

**मऊगंज ।** जिले भर मे 22जनवरी 2024 को अयोध्या में होने जा रहे प्रभु श्री राम के जन्म भूमि के भव्य दिव्य ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का अक्षत आमंत्रण जहां राष्ट्र ही नहीं समूचे विश्व में पहुंच चुका है वही जिले के पतुलखी माजन में भी निकाला गया। कलश यात्रा के साथ-साथ घर-घर में जाकर आमंत्रण दिया जा रहा है। सैकड़ों आम जनमानस बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# परिवहन विभाग ने हेलमेटधारी दो पहिया वाहन चालकों को बांटे पेन, डायरी, चाकलेट व साथ में ली सेल्फ़ी



सड़क सुरक्षा विषय के साथ यातायात जागरूकता कार्यक्रम के लिए परिवहन विभाग ने मार्ग पर हेलमेट लगाकर चलने वाले दोपहिया वाहन चालको को पेन और डायरी भेट कर उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें वाहन चलाते समय हेलमेट लगा कर चलने के लिए उनकी प्रशंसा की और उनके साथ मोबाइल पर सेल्फ़ी भी ली।

रीवा !

उनके साथ पीछे बैठे (पिलियन)व्यक्ति और बच्चों को भी पेन एवं चाकलेट देकर उत्साहित किया। परिवहन विभाग द्वारा यह कार्यक्रम हनुमना मउगंज हाईवे और रीवा मनगवा मुख्य मार्ग जाकर किया गया । कलेक्टर रीवा और मउगंज के आदेशानुशार इस कार्यक्रम में आर टी ओ रीवा के द्वारा परिवहन सुरक्षा स्क्वाड और परिवहन चेकपोस्ट हनुमना और चाकघाट के परिवहन स्टाफ़ को साथ लेकर किया गया। आर टी ओ रीवा ने सभी लोगो से अपना लाइसेंस बनवाकर ही चलने की समझाइस भी दी,साथ कहा की बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन न चलाए और चार पहिया चालक सीट बेल्ट अवश्य लगायें। इसके अलावा यातायात से संबंधित जानकारिया साझा की। परिवहन विभाग की टीम के द्वारा लाइसेंस बनाने के लिए इस लिंक को https://sarathi.parivahan.gov.in/sarathiservice/stateSelection.do उनके मोबाइल पर साझा करते हुए घर बैठे लर्निंग लाइसेंस के आवेदन कैसे करना है इस बात की जानकारिया भी साझा की।प्रदेश में लर्निंग लाइसेंस फेस लेस हो चुका है और अब अपना लाइसेंस सभी लोग घर बैठे ही बना सकते है।परिवहन विभाग की टीम ने सभी को यातायात के नियमों का पालन करने की बात कही और उन्हें बताया कि समय से जीवन का मूल्य बहुत अधिक है अतः आप सब ओव्हरस्पीड न चले हेलमेट पहने और कम से कम दूसरे 10 लोगो को भी हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित करे। कल रीवा में शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय (टीआरएस) कालेज रीवा में दोपहर 12 बजे से लाइसेंस शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## पतंगबाजी कला और योग का संगम है - डाक्टर सीबी शुक्ला

**रीवा ।** ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय के मैदान में लगातार 25 वर्षों से आयोजित हो रहे पतंग मेले का आयोजन करके हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार ने मकर संक्रांति के पुनीत पर्व में सैकड़ो पतंग बाजो एवं दर्शकों के साथ यादगार रजत जयंती मनाई जिसमे पतंग मेले में आए हुए पतंग बाजो की कला और इठलाती पतंगो की उड़ान देखने उत्साही दर्शक आकाश की ओर टकटकी लगाकर निहारते रहे और तालियां बजाकर उत्साहवर्धन करते रहे। धर्म परिवार के नगर अध्यक्ष अनिल मिश्रा ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों, पतंगबाजों, दर्शकों का स्वागत करते हुए बताया कि अगले वर्ष धर्म परिवार के आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी एवं धर्म परिवार के अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी गुरमीत सिंह मंगू भैया के नेतृत्व में पतंग मेल को भव्य रूप देकर जिला वासियों के सहयोग से प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन कराए जाने का संकल्प लिया गया है जिसमें आधुनिक कलात्मक पतंग के साथ ही बाहर से पतंग बाजो को उनके कला प्रदर्शन को दिखाने आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर सीबी शुक्ला कार्यक्रम की अध्यक्षता आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी ने की तथा विशिष्ट स्थिति के रूप में रेडक्रॉस अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी पूर्व महापौर वीरेंद्र गुप्ता सेवानिवृत प्राचार्य शिक्षाविद डॉक्टर राजेंद्र सिंह पार्षद एमआईडीसी सदस्य मनीष नामदेव पूर्व पार्षद सोहन सिंह पूर्व पार्षद विश्वनाथ खारोल बाबा, समाजसेवी दिनेश जैन विक्रम प्रताप सिंह पप्पू कनौजिया वरिष्ठ कवि कमल किशोर मिश्रा उपस्थित रहकर कार्यक्रम के सहभागी पतंगबाजो को हार्दिक बधाई देते हुए मकर संक्रांति पर्व की बधाई देकर हिंदू उत्सव समिति धर्म परिवार के आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन को देखने से मन में उल्लास और बचपन की यादें ताजा हो जाती साथ ही पतंग बाजी एक कला और योग का संगम है जिसमें शारीरिक स्फूर्ति के साथ मानसिक एकाग्रचित्त का विकास होता है। इस दौरान उपस्थित मुख्य अतिथि ने पतंग मेले में भाग लेने वाले सभी पतंग बाजो को पुरस्कार वितरित कर उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम को सफल बनाने में धर्म परिवार के सांस्कृतिक सचिव राजीव वर्मा गुड्डु नगर उपाध्यक्ष राकेश आसवानी रखी मनीष साहू युवा अध्यक्ष सुमित मांजवानी महिला शाखा की संयोजक श्रीमती संतोषी गुप्ता राजेश नामदेव नागेंद्र वर्मा प्रभात सिंह आदि ने पूर्ण सहयोग किया।

## राजस्व महाअभियान का पटवारियों को दिया गया प्रशिक्षण

रीवा



जिले में शासन के निर्देशों के अनुसार 15 जनवरी से 29 फरवरी तक राजस्व महाअभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान नक्शा तरमीम, खसरे के सुधार तथा अन्य राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में गतदिवस पटवारियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण देते हुए कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि राजस्व महाअभियान के संबंध में शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिये गये हैं। अभियान तहत प्रत्येक गांव में की जाने वाली कार्यवाही की कार्ययोजना बना ली गयी है। अभियान में राजस्व विभाग तथा अन्य विभागों के अधिकारियों की डूटी लगा दी गयी है। सभी पटवारी अपने हल्के में पूरी जिम्मेदारी के साथ राजस्व महाअभियान चलाये। हल्के के प्रत्येक गांव में प्रमुख सार्वजनिक स्थल पर बी-1 का वाचन करें। ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक तथा गांव के गणमान्य नागरिकों से मृतक भू-स्वामियों की जानकारी प्राप्त करें। फौती नामांतरण के प्रकरण दर्ज कर अभियान के दौरान उनका निराकरण करें। राजस्व अभियान की पूरी जानकारी आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज की जायेगी। प्रतिदिन की जाने वाली कार्यवाही पोर्टल पर अपडेट करें।

कलेक्टर ने कहा कि अभियान के दौरान 6 माह से अधिक समय से लंबित सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। राजस्व प्रकरणों के संबंध में लंबित सभी प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। सभी तहसीलदार प्रतिवेदन के लिए लंबित प्रकरणों की पटवारीवार सूची बनाकर उसे पटवारियों को उपलब्ध करायें। इसी तरह सीमांकन के लिए राजस्व निरीक्षकों एवं पटवारियों को लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं। इसके अनुसार सीमांकन सुनिश्चित करें। अविवादित, बटवारा, अविवादित नामांतरण तथा अविवादित सीमांकन के सभी प्रकरण अभियान के दौरान निराकृत करें। प्रशिक्षण में डिप्टी कलेक्टर श्रेयस गोखले ने कहा कि जिस गांव में राजस्व शिविर लगाया जायेगा। वहां के निवासियों को ग्राम पंचायत के माध्यम से शिविर की सूचना दें। शिविर में ग्राम पंचायत सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक भी उपस्थित रहेंगे। इनके सहयोग से किसान सम्मान निधि की ई-केवाइसी का शत-प्रतिशत अपडेशन करायें। प्रशिक्षण के दौरान राजस्व अभियान के संबंध में शासन द्वारा दिये गये निर्देशों की जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में एसडीएम मनगवां पीएस त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, राजस्व निरीक्षक तथा पटवारी उपस्थित रहे।

## जिला आबकारी अधिकारी को एक गुनाह की मिली सजा

# करोड़ों रूपये की बेच ली थी शराब

रीवा

जिला आबकारी अधिकारी भले ही मप्र लोक सेवा द्वारा आयोजित पीएससी की प्रतियोगी परीक्षा पास कर आबकारी विभाग में घुसपैठ कर ली हो लेकिन जमीनी स्तर पर देखा जाये तो वह अपने दायित्वों के प्रति अनुत्तीर्ण ही नजर आये। उनकी नजरों ने कत्तव्य से ज्यादा गांधी छाप कागज को ही महत्व दिया, यही वजह वे जहां भी रहते हैं सुर्खियों में ही रहते है। रीवा में तो उनके एक से बढक़र एक कारनामें उजागर हो रहे है। शराब कारोबारियों से फर्जी बैंक गारंटी, व्हीआईपी फंड के नाम पर कलेक्टर, एसपी एवं माननीयों के नाम पर हर माह पैसा वसूले जाने से लेकर घर में झाड़ू पोंछा यहां तक की जूठन साफ करवाने के लिए बेयर हाउस के कर्मचारी को रखने की बात सामने आ चुकी है। विभागीय सूत्र तो यहां तक बताते है कि इनकी काली कमाई की बिसात सागर और चंबल संभाग तक बिछी हुई है, जैसा की इनके पड़ोस स्थित आबकारी विभाग के संभागीय उडऩदस्ता कार्यालय में बैठे उपायुक्त एक नाजीर हैं। देर से ही सही हाल ही में सूत्रों के माध्यम से एक बड़ा खुलासा हुआ है, बताया गया कि जिला आबकारी अधिकारी रीवा द्वारा सिंगरौली जिले में पदस्थापना के दौरान किये गये गुनाहों की सजा मिल गई है। कटनी सहित रीवा जिले में किये गये गुनाहो की सजा कब मिलेगी यह तो आने वाला समय की तय करेगा। लेकिन यह माना जा रहा है कि देर सबेर गुनाहों की सजा अवश्य मिलेगी।

### पदोन्नत की सूची से कर दिया गया बाहर

27 सितबंर 23 को मप्र शासन वाणिज्यिक कर विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन से पत्र क्रमांक 1/1/41/0010/2023 एसईसी-2-05(सीटी) में पदोन्नत सूची जारी की गई। जिसमें लगभग 12 आबकारी अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। मजे की बात यह है कि इस पदोन्नत सूची में जिला




आबकारी अधिकारी रीवा से जूनियर अधिकारी श्रीमती कीर्ति दुबे का भी नाम शामिल है उनको तक जिला आबकारी अधिकारी से पदोन्नत कर सहायक आबकारी आयुक्त बना दिया गया। लेकिन 2012 बैच के जिला आबकारी अधिकारी रीवा को पदोन्नत सूची से बाहर ही रखा गया है। बताया जाता है कि जिला आबकारी अधिकारी रीवा जब सिंगरौली जिले में जिला आबकारी अधिकारी रहे तो निजी स्वार्थ के लिए शराब ठेकेदार हरचरण सिंह भाठिया और अखंड दुबे की लगभग दो करोड़ रूपये की शराब मालवा कंपनी के शराब ठेकेदार को बेच दी थी। दुस्साहस इस कदर दिखाया कि दोनो ही ठेकेदारों से इजाजत तक नहीं ली, जो उनकी गले का फांस जा बना। शराब ठेकेदार हरचरण सिंह भाठिया ने इस बात की शिकायत प्रमुख सचिव तक की, यहां तक की न्याय न मिलने पर न्यायालय तक जाने की बात की थी। विभागीय सूत्र बताते है कि उक्त आरोप पर चल रही जांच के चलते जिला आबकारी अधिकारी रीवा को पदोन्नत की सूची से बाहर कर दिया गया है।

### शराब कारोबारी के घर पड़ा ईडी का छापा, जिला आबकारी अधिकारी की बढ़ी धडक़नें

शनिवार के दिन बजरंग नगर निवासी कटनी जिले के शराब कारोबारी पुष्पेंद्र सिंह पिंकू के घर ईडी ने दबिस दे दी। इस बात की भनक लगते ही जिला आबकारी अधिकारी रीवा के माथे पर पसीना छलकने लगा और धडक़ने उस वक्त बढ़ गई जब उनको जानकारी मिली कि 2016 में शराब कारोबारी पुष्पेंद्र सिंह पिंकू और स्लीमनाबाद निवासी बल्लन तिवारी ने 13 फर्जी बैंक गारंटी लगा कर शासन को करोड़ो रूपये की चपत बैठाई। जिसकी शिकायत लोकायुक्त सहित अन्य जगहों में की गई थी। जिस पर तत्कालीन कलेक्टर कटनी प्रकाश जांगरे और जिला आबकारी अधिकारी आरसी त्रिवेदी के विरूद्ध एफआईआर दर्ज हुई थी। तत्काल जिला आबकारी अधिकारी रीवा को अपने निजी स्वार्थ उठाते हुए रीवा के कुछ ठेकेदारों को लाभ दिलाये जाने फर्जी बैंक गारंटी जमा करवाये जाने की याद सता गई। दिल को यह तसल्ली देकर मन का शांत कर दिया कि सब मैनेज हो चुका है। लेकिन उनको यह नहीं मालूम की गड़ा मुर्दा जब उखड़ता है तो उसकी गंध बहुत तेज होती है। जिस तरह से सात साल बाद कटनी में गड़ा मुर्दा उखाड़ा गया तो उसकी गंध प्रदेश तक फैली उसी प्रकार रीवा में भी गड़ा हुआ मुर्दा आज नहीं तो कल उखड़ कर सामने आ सकता है।



## मऊगंज में युवा दिवस एवं यातायात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

मऊगंज ।

नगर के सीएम राइज विद्यालय एवं रेडक्रॉस सोसाइटी जिला मऊगंज के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे युवा दिवस सप्ताह एवं यातायात के संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मऊगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया रहे तथा अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन एडवोकेट प्रदीप सिंह रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केशव प्रसाद मिश्रा एवं प्राचार्य भोलानाथ उपाध्याय रहे। मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जी के जन्मदिवस अवसर पर 11 जनवरी से 17 जनवरी तक युवा दिवस सप्ताह मनाने का निर्देश है। इसी संबंध में आज सीएम राइज विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सीएम राइज विद्यालय में यातायात नियमों के पालन एवं स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मऊगंज जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुन्नालाल चौरसिया ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बिना लाइसेंस के गाड़ी न चलाएं और यदि उनके घर के लोग गाड़ी लेकर घर से बाहर निकले तो उन्हें यह जरूर बताएं कि वह हेलमेट लगाकर ही मोटरसाइकिल चलाएं। यातायात के नियमों का पालन करें और जब भी बच्चे रोड क्रॉस करें तो दोनों तरफ देखकर ही रोड क्रॉस करें। एडिशनल एसपी ने कई अच्छी जानकारियां बच्चों के बीच साझा की। कार्यक्रम में प्रदीप सिंह सेंगर, केशव प्रसाद मिश्रा, सीएम राइज के प्राचार्य भोलानाथ उपाध्याय, राजू सिंह सेंगर, यातायात प्रभारी अमित विश्वकर्मा, रेड क्रॉस के सचिव सूर्यमणि शुक्ला, कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह, रेड क्रॉस के उपाध्यक्ष राजेंद्र पयासी और विद्यालय के अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

# ग्रामीण अंचलों में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति का पावन पर्व

### बहुती जलप्रपात के पास प्रतिवर्ष लगता है ऐतिहासिक मेला

मऊगंज ।

जिले बहुती जलप्रपात के पास मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सूर्य उत्तरायण होने पर मनाए जाने वाले इस पर्व पर श्रद्धालुओं ने पवित्र नदी गंगा एवं सोन में स्नान करने पहुंचे।वही मकर संक्रांति का पावन पर्व मऊगंज जिले के बहुती में धूमधाम से मनाया गया। सूर्य उत्तरायण होने पर मनाए जाने वाले पावन पर्व पर प्रसिद्ध प्राकृतिक रमणीक स्थल बहुती प्रपात के पास ओड्डा नदी के तट पर हर वर्ष की भांति पारम्परिक रूप से मेला लगा। संक्रांति जैसे विशेष अवसर पर लगने वाले मेले में जहां जिले के कोने-कोने से व्यापारियों द्वारा विभिन्न प्रकार की गृहस्थी से जुड़ी एवं बच्चों के मनमोहक सामग्री बिक्री के लिए दुकानों में लगाया था। दूर-दराज से बड़े बुजुर्ग महिलाओं सहित बच्चे मेले में पहुंचे जो मनमाफिक खरीददारी की। वहीं युवाओं के लिए पूर्व वर्षों की भांति बहुती प्रपात आकर्षण का केन्द्र रहा। पर्यटक प्रपात के मनोरम दृश्य मे सेल्फी लेते नजर आए वहीं प्राकृतिक रूप से बने रास्ते से





बहुतायत संख्या में पर्यटक प्रपात के नीचे उतर कर प्राकृतिक दृश्य का नजारा लेते देखे गए। इसी तरह कुछ लोग ओड्डा नदी के तट पर प्रपात के आसपास सहित गहरे प्रपात के नीचे जंगल के बीच संत की तपोस्थली में पहुंचकर लोगों ने आशीर्वाद लिया। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शिवधाम देवतालाब, अष्टभुजा धाम में भी भक्तों ने पूजा अर्चना की। वही अंचल के बहुती प्रपात के अलावा शिवधाम देवतलाव, अष्टभुजा धाम नईगढ़ी, गूड़र षिवमंदिर कुसहा, झहनइया हकरिया, मौहरिया, सहित अन्य स्थानों में शिवमंदिर के पास मकर संक्रांति के अवसर पर मेला भरा। जहां दूर दराज से लोग आकर मेले का लुत्फ उठाते हुए खरीददारी की तो वहीं देवालयों में परिवार के सुख शांति के लिए पूजा अर्चना की। पूरे मेले में लोगों में सबसे ज्यादा गन्ने एवं लाइका ज्यादा महत्व रहा वही बच्चों के लिए खिलौने आकर्षण का केंद्र रहा।*प्रशासन रहा मुस्तैद*परम्परागत रूप से मऊगंज जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बहुती गांव में लगने वाले बहुती प्रपात के मेले में भारी भीड़ को देखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने प्रशासनिक स्तर एसडीएम मऊगंज बीके पांडे एडिशनल एसपी एम एल चौरसिया के नेतृत्व में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट मान सिंह आर्मो एसडीओपी इंद्राज सिंह थाना प्रभारी नईगढ़ी एमपी अहिरवार ने मेला व्यवस्था में निरंतर देखरेख कर प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने में सहयोग प्रदान किया। जिससे मेला व्यवस्था बेहतर बनी रही व शांतिपूर्वक मेला लगा।